Evershine

echo series

# खोलो अपने बस्ते जी

## बालगीत–1




**परिकल्पना**
29 बॉक्स स्टूडियो

**लेखक**
अशोक लव
एम. ए., बी. एड.
(लेखक एवं शिक्षाविद्)
पूर्व हिंदी-संस्कृत विभागाध्यक्ष
एयर फोर्स स्कूल, सुब्रोतो पार्क
नई दिल्ली



EVERSHINE™ ESP PUBLISHERS
Soni House, WZ-348, Nangal Raya, New Delhi-110046
PH.: 28111758, 28113958, Fax- 28112353
Mobile: 9868877950, 9560408043
E-mail: evershinepub@gmail.com

# उड़ उड़ जाती तितली

रंग रंग की सुंदर तितली,
फूल-फूल पर जाती है।
उनसे ले आती है खुशबू,
औरों को दे आती है।
उड़कर नाचे सब फूलों पर,
सब का मन बहलाती है।
इसको पकड़ न पाएँ बच्चे,
हाथ न उनके आती है।



फूल और फूलों से संबंध रखने वालों को पहचानें।
इनके नाम बोलें-



*उत्तर दें*

1. गेंदे के फूलों से क्या बनाते हैं?
2. मधुमक्खियाँ क्या बनाती हैं?
3. भौंरा किन पर मंडराता है?


*शब्द-ज्ञान*

गुलाब पलाश गुलमोहर
कमल चंपा



# पानी में मछली


पानी में मछली,
तैर तैर तैरे।
पानी में मछली,
पास आई हमारे।
पानी में मछली,
झूम झूम झूमे।
पानी में मछली,
घूम घूम घूमे।



इनमें से पानी में कौन-कौन तैरता है? उनके नाम बताएँ-



चित्र का नाम लेकर पढ़ें

 में पानी

 में पानी

 में पानी



## लय मिलने वाले शब्द

उछली मछली काली बदली

पानी रानी नानी दानी तानी